**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
**विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण**
**जीवन विहार बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट,**
**नई दिल्ली-110001**

दिनांक: मार्च, 2019

**परिपत्र**

**विषय: आईईपीएफ प्राधिकरण में संविदा आधार पर मीडिया सलाहकार की नियुक्ति**

आईईपीएफ प्राधिकरण में मीडिया सलाहकार के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राधिकरण को कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ निवेशक शिक्षा, जागरूकता एवं संरक्षा को बढावा देने का अधिदेश दिया गया है।

2. इस अधिदेश के भाग के रूप में, आईईपीएफ ने समय-समय पर विभिन्न निवेशक जागरूकता पहलें की हैं। मीडिया संबंधी कार्यों का ध्यान रखने के लिए, प्राधिकरण में पूर्णतः संविदा आधार पर मीडिया सलाहकार नियुक्त किया जाना है। इस संबंध में अपेक्षित पात्रता, मानदंड, उत्तरदायित्व और अनुभव के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:-

3. **कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व:**

i. इलेक्ट्रानिकी, प्रिंट, सामाजिक, बाह्य मीडिया आदि जैसे मंचों के लिए संबंधित विषयों पर निवेशक जागरूकता एवं संरक्षा पर विज्ञापन/पैंपफ्लेट/पोस्टर/जिंगल/जागरूकता विडियो और संदेशों आदि जैसी संपर्क सामग्रियों के विकास का परीक्षण, सलाह देना और सहयोग करना।

ii. मीडियां योजना का कार्यान्वयन करना, प्रेस विज्ञप्ति सामग्री तैयार करना, इलेक्ट्रानिकी मीडिया, प्रिंट मीडिया, सामाजिक मीडिया और बाह्य मीडिया आदि का नियंत्रण करना।

iii. जागरूकता एवं संरक्षा कार्यक्रमों के विस्तार को बढाने के लिए उपाय सुझाना।

4. **पात्रता:**

**महत्वपूर्ण अर्हताएं:**

(i) जन संचार/पत्रकारिता/मीडिया में स्नातक। किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से जन संचार/पत्रकारिता में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा के साथ उपाधि वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।

(ii) कंप्यूटर एप्लीकेशन और विशेष रूप से एम एस ऑफिस/फोटोशॉप/कोरेल सॉफ्टवेयर आदि में निपुणता और अच्छी टंकण कुशलता।

(iii) **अनुभव:** मास मीडिया संचालन कार्य, मीडिया कैंपेन आयोजित करने और जागरूकता कार्यक्रम आयोजन के क्षेत्र और/या सरकार, स्वायत्त निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र में समान कार्यकलाप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।

5. इस पद के लिए **अन्य पात्रता मानदंड** निम्नलिखित है:

(i) मीडिया सलाहकार के रूप में नियुक्ति की अधिकतम आयुसीमा 62 वर्ष है। मीडिया सलाहकार के रूप में नियुक्त होने वाले व्यक्ति से स्वतंत्र रूप से कार्य करने जिसमें फाइल प्रोसेसिंग, सामग्रियों/सूचनाओं का एकत्रीकरण, आदि शामिल है, अपेक्षित है।

(ii) वह संप्रेषण कौशल में अच्छा हो और अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में प्रवीणता रखता हो। अन्य भाषाओं में निपुणता को वरीयता दी जाएगी।

(iii) उस व्यक्ति के ऊपर उसके पूर्व संगठन में किसी प्रकार का अनुशासनात्मक मामला नहीं होना चाहिए।

6. पूर्वोलिखित पद के लिए नियुक्ति एक वर्ष के लिए पूर्णत: संविदा के आधार पर की जाएगी, उम्मीदवार के अनुभव एवं प्रोफाइल के आधार पर इसका समेकित शुल्क यात्रा शुल्क सहित 70,000/- रुपए से 1,00,000/- के बीच होगा।

7. नियुक्त किए गए व्यक्ति को किसी प्रकार के अन्य अनुलाभ/भत्ते स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

8. **नियुक्ति की अवधि:**

8.1 मीडिया सलाहकार की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी। एक वर्ष के पश्चात् कार्य निष्पादन की संतुष्टि के आधार पर नए सिरे से एक और वर्ष के लिए नियुक्ति की जा सकती है।

8.2 यह नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर की जाएगी उसे और इस नियुक्ति की अवधि के दौरान अन्य कार्य पर कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8.3 कतिपय विनिर्दिष्ट कार्यों के लिए मीडिया सलाहकार की नियुक्ति अस्थायी (गैर-सरकारी) प्रकृति की होगी और नियुक्त व्यक्ति किसी भी रूप में आईईपीएफ प्राधिकरण में नियमित रोजगार का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

8.4 मीडिया सलाहकार किसी अन्य सुविधाओं अर्थात् आवास, पीएफ, ग्रेच्युटी, पेंशन, चिकित्सा भत्ता, आवास किराया भत्ता, सीसीए, महंगाई भत्ता, परिवहन भत्ता या किसी अन्य भत्ते या नियमित परिवहन/दूरभाष संपर्क जैसी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा।

8.5 नियुक्त व्यक्ति को नियुक्ति के प्रत्येक कैलेंडर माह के लिए एक दिन के अवकाश की अनुमति दी जा सकती है। इस अवकाश को 12 माह की अवधि के दौरान संचित किया जा सकता है।

9. **चयन की प्रक्रिया:-** मीडिया सलाहकार का चयन विधिवत् गठित समिति द्वारा किया जाएगा। मीडिया सलाहकार द्वारा समिति के समक्ष पारस्परिक बातचीत और प्रस्तुतिकरण के लिए उपस्थित होना अपेक्षित है।

10. **कार्य समय:-** सामान्य कार्य समय 9.00 पूर्वाह्न से 5.30 अपराह्न तक होगा और कार्य की अत्यावश्यकता में लेट सिटिंग अपेक्षित है जिससे समयबद्ध कार्यों को पूरा किया जा सके।

11. **स्रोत से कर कटौती:-** प्रचलित नियमों के आधार पर कटौती किए जाने वाले आयकर और अन्य देय करों की कटौती भुगतान के शुरूआत में ही की जाएगी, जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। जीएसटी/सेवाकर, जैसा लागू हो, का भुगतान प्रचलित दरों के आधार पर अलग से किया जाएगा।

**12. प्राधिकरण के अधिकारः** प्राधिकरण के पास इस विज्ञप्ति को रद्द करने का, और मीडिया सलाहकार की नियुक्ति के मामले को आगे नहीं बढाने का, किसी भी स्तर पर कोई कारण या स्पष्टीकरण, जो भी है, दिए बिना किसी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है।

13. नियुक्ति पत्र की प्राप्ति पर, चयनित उम्मीदवार को आईईपीएफए के साथ एक अनुबंध-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे।

14. प्राधिकरण के पास सलाहकार को दो माह का नोटिस देते हुए अनुबंध-पत्र समाप्त करने का अधिकार है। यह समाप्ति सलाहकार को दिए गए लिखित नोटिस द्वारा प्रभावित होगी और ऐसे नोटिस को देने के 60 दिनों में प्रभावी होगी। यदि मीडिया सलाहकार यह नौकरी छोड़ना चाहता/चाहती है तो उसे भी प्राधिकरण को 60 दिनों का नोटिस देना आवश्यक है। इस समापन से समापन से पहले के प्रत्येक पक्ष के अधिकारों पर कोई पक्षपात नहीं होगा।

**15. समझौते की समाप्तिः** प्राधिकरण किसी भी समय अनुबंध-पत्र समाप्त कर सकता है, यदिः-

i. मीडिया सलाहकार सौंपे गए कार्यों को करने में असमर्थ रहता है,
ii. सौंपे गए कार्यों की गुणवत्ता से प्राधिकरण संतुष्ट नहीं है।
iii. मीडिया सलाहकार प्राधिकरण द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार महत्वपूर्ण लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में असफल रहता है।
iv. मीडिया सलाहकार ईमानदारी और अखंडता के मामले में चूक करते पाया जाता है।

16. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार योग्यता और अनुभव, हाल ही के पासपोर्ट आकार के कलर फोटो और अर्हत्ताओं से संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों सहित अपना विस्तृत बायोडाटा संलग्न आवेदन प्ररूप में दिनांक 30 अप्रैल, 2019 तक **श्री नवनीत चौहान, महाप्रबंधक, आईईपीएफ प्राधिकरण, मूल्य, जीवन विहार बिल्डिंग 3, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001** को भेजें। अपूर्ण आवेदनों या संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(दिनेश कुमार दीक्षित)
उप-महा प्रबंधक
दूरभाषः 23441700

**भारत सरकार**
**विनिधानकर्त्ता शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

आईईपीएफ में मीडिया सलाहकार के पद हेतु आवेदन

1. आवेदक का नाम :
2. पिता/पति का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. पत्राचार हेतु, ई-मेल पता और मोबाइल नं. :
5. स्थायी पता, दूरभाष :
6. शैक्षिक योग्यताएं* :

| **क्र.सं.** | **शैक्षिक योग्यताएं** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान** | **श्रेणी/ग्रेड/प्रतिशत** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

7. अनुभव*:

| क्र.सं. | संगठन | धारित पद | अवधि | निष्पादित कार्य |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

1) वर्तमान पदः
2) उपलब्धता (कार्यभार के लिए अपेक्षित समय):
3) संलग्नकों की सूचीः

*कृपया प्रमाणपत्रों और शंसापत्रों की प्रतिलिपि संलग्न करें। यदि अपेक्षित हो, तो पृथक शीट संलग्न की जा सकती है।

हस्ताक्षर